# सामाजिक ज़िम्मेदारी

**Lydall का कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी का वक्तव्य**

Lydall में, हम सतत तरीके से उत्कृष्टता, नवपरिवर्तन और प्रदर्शन हासिल करने के अपने प्रयासों के माध्यम से एक ज़िम्मेदार कंपनी और सामाजिक भागीदार बनना चाहते हैं। इस आदर्श को मूर्त रूप देने के हमारे प्रयास के भाग के रूप में, हम सुरक्षित ढंग से परिचालन करने, हमारे कार्यबल व पर्यावरण की रक्षा करने और अपने शेयरधारकों, कर्मचारियों, समाज और मुख्य हिस्सेदारों के साथ ज़िम्मेदारी और नैतिक रूप से व्यवहार करने के लिए वचनबद्ध हैं।
यही उम्मीद हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला से भी करते हैं।

निम्नलिखित दिशानिर्देश व्यावसायिक सदाचार, पर्यावरणीय प्रबंधन, कार्य करने की परिस्थितियों और हमारे एवं हमारे आपूर्तिकर्ताओं एवं उपसंविदाकारों के मानवाधिकारों की दिशा में हमारी न्यूनतम अपेक्षाओं का वर्णन करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि आपूर्तिकर्ता इन मानकों को बनाए रखेंगे और अपनी आपूर्ति श्रृंखला में इन्हें सम्मिलित करेंगे। हम इन बनियादी सिद्धान्तों को पूरा करने में असफल रहने वाले आपूर्तिकर्ताओं को बदलने के लिए विकल्प ढूंढेंगे।

*व्यावसायिक सदाचार*

Lydall में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा मार्गदर्शी सिद्धान्त हैं। इसमें कम से कम स्थानीय कानूनों का पालन करने हुए परिचालन सहित ऐसे कानून शामिल हैं जो इनसे संबंधित हैं:

- भ्रष्टाचार निरोधक
- प्रतिस्पर्धारोधी व्यावसायिक प्रथाएं
- रिश्वतरोधी
- बौद्धिक संपदा का संरक्षण
- कंपनी और व्यक्तिगत डेटा का सम्मान
- निर्यात नियंत्रण
- हितो का टकराव
- भेदिया कारोबार

*पर्यावरण संबंधित मानक*

दुनियाभर में हमारे समुदायों के लिए, हम पर्यावरण की रक्षा करने, हमारे उत्पादों की क्षमताओं को अधिकतम करने, और कचरे, उत्सर्जन, बिजली की खपत एवं संबंधित पदार्थों के उपयोग को कम करने के लिए काम करते हैं। हम सभी लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों का पालन करने एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए हमारे ऑपरेशनों का प्रबंधन करने का प्रयास करते हैं। हमारे सभी कर्मचारियों से अपने कर्तव्यों का पालन

** References to "Lydall" या "कंपनी" के संदर्भों में Lydall, Inc. और दुनियाभर में मौजूद इसकी सभी सहयोगी*

करते समय पर्यावरणीय रूप से सशक्त व्यवहारों का उपयोग करने की उम्मीद की जाती है।

हमारे उत्पादों के जीवनकाल के दौरान उनसे पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए, हम अपनी आपूर्तिश्रृंखला से प्रभावी पर्यावरणीय प्रबंधन की उम्मीद करते हैं। आपूर्तिश्रृंखला में निर्मित सभी उत्पादों, और प्रक्रिया में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों और पदार्थों के संबंध में उम्मीद की जाती है कि वे डिज़ाइन, वितरण, उपयोग, निपटान या रिसाइक्लिंग में पर्यावरण के मानकों पर खरे उतरेंगे। इस दृष्टिकोण में शामिल हैं:

- बिजली और पानी की खपत कम करना
- ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना
- नवीनीकरण योग्य कच्चे माल और ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना
- उचित अपशिष्ट प्रबंधन, रिसाइक्लिंग और लाभदायक पुनः उपयोग में वृद्धि करना
- कर्मचारियों का प्रशिक्षण

*काम करने की स्थितियाँ और मानवाधिकार*

Lydall हमारे कर्मचारियों के साथ निष्पक्ष और न्यायसंगत आचरण के लिए प्रतिबद्ध है। नतीजतन, हम कर्मचारियों की सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनी आवश्यकताओं पर सावधानी से ध्यान देते हैं और रोजगार के समान अवसरों, उत्पीड़न-रोधी, पदार्थों के दुरुपयोग, अनुपस्थिति के अवकाश, कार्यस्थल पर हिंसा एवं गैर-प्रतिशोध पर कंपनी की विशेष नीतियाँ और प्रक्रियाएं मौजूद हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से उम्मीद करते हैं कि वे इन मूल्यों को साझा करेंगे और अपने कर्मचारियों को काम करने के लिए अनूकूल स्थितियाँ प्रदान करेंगे तथा निम्नलिखित क्षेत्रों में बुनियादी मानवाधिकारों का सम्मान करेंगे:

- *बाल श्रम और युवा श्रमिक* –बाल श्रम का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाता और आपूर्तिकर्ताओं को सुनिश्चित करना होगा कि रोजगार की आयु स्थानीय क्षम कानून के अनुसार हो।
- *जबरन श्रम (मानव तस्करी)* – Lydall में किसी आपूर्तिकर्ता द्वारा किसी भी प्रकार के जबरन या अनिवार्य श्रम का उपयोग नहीं किया जाता है और न ही उसे बर्दाश्त किया जाता है। Lydall मानव तस्करी में संलग्न नहीं होता और अपने आपूर्तिकर्ताओं से इस मानक को बनाए रखने की उम्मीद करता है।
- *संघ की स्वतंत्रता* –कर्मचारियों को काम करने की स्थितियों के संबंध में प्रतिशोध, धमकी या उत्पीड़न के भय के बिना प्रबंधन के साथ खुलकर संवाद करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कर्मचारियों को स्थानीय कानूनों के अनुसार श्रमिक संघों से जुड़ने, उनमें शामिल होने या नहीं होने, प्रतिनिधित्व करने और श्रमिक परिषदों में शामिल होने का स्वतंत्र रूप से अधिकार है।
- *स्वास्थ्य और सुरक्षा* – Lydall सभी कर्मचारियों को ऐसा कार्यस्थल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है जो सुरक्षा और व्यावसायिक स्वास्थ्य से संबंधित लागू मानकों का पालन करता हो, सुरक्षा या स्वास्थ्य के अभिज्ञात खतरों से मुक्त हो और ऐसी चोट-मुक्त संस्कृति को बढ़ावा देता हो जिसे हम हासिल करने का प्रयास करते हैं, और अपने आपूर्तिकर्ताओं से भी यही उम्मीद करता है।

** References to "Lydall" या "कंपनी" के संदर्भों में Lydall, Inc. और दुनियाभर में मौजूद इसकी सभी सहयोगी*

- *उत्पीड़न और भेदभाव* – Lydall अपने कर्मचारियों को ऐसा कार्य परिवेश प्रदान करता है जो भेदभाव, उत्पीड़न या ऐसे व्यक्तिगत व्यवहार से मुक्त है जो एक उत्पादक कार्य परिवेश के अनुकूल नहीं हो, और अपने आपूर्तिकर्ताओं से भी यही अपेक्षा करता है।

*संगठित नागरिकता*

Lydall अच्छी नागरिकता के लिए वचनबद्ध है। कर्मचारी धर्मार्थ संगठनों को विभिन्न कारणों से और व्यक्तिगत रूप से धन देने और दान करते हुए एवं इसके लिए जागरूकता बढ़ाते हुए ऐसी गतिविधियों में साल भर विभिन्न तरीकों से भाग लेते हैं, और इस प्रकार उस समाज में अपनी अलग पहचान बनाते हैं जिसमें हम रहते और काम करते हैं।

यदि आप की नीति और सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति उसकी वचनबबद्धता के संबंध में कुछ पूछना चाहते हैं, तो हमसे यहाँ संपर्क करें:

Lydall, Inc.
One Colonial Road
Manchester, CT 06042 (USA)
Attn: कानून विभाग
– या –
info@lydall.com